बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-22
07/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में वैशाली जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 07 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में वैशाली जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान गोरौल में कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों ने फूल–माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष कई लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री गोरौल प्रखंड की कटरमाला पंचायत के हरसेर गांव पहुंचे और वहां स्थित मजार पर चादरपोशी कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। हरसेर ग्राम में मुख्यमंत्री ने समेकित बाल विकास परियोजना के अंतर्गत लगाई गईं विभिन्न सब्जियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना से जुड़े 151 लाभार्थी जीविका दीदियों को 15 लाख 10 हजार रुपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों से भी मुलाकात की और उनके बीच ट्राई साइकिल वितरित किये। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा नीरा से बनाए गए विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को नीरा उत्पाद भी भेंट किया। प्रगतिशील किसानों ने जैविक खेती से उत्पादित विभिन्न सब्जियों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री उनके द्वारा उत्पादित विभिन्न सब्जियों को देखकर काफी प्रसन्न हुए और उनकी सराहना की। मुख्यमंत्री गोरौल प्रखंड के हरसेर गांव में श्री मनोज पासवान के घर पहुंचे। उसी घर से वैशाली जिले में जाति आधारित गणना की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री मनोज पासवान और जाति आधारित गणना करने वाले कर्मचारियों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने हरसेर में मां जगदंबा मंदिर में काली मां की पूजा अर्चना की एवं राज्य की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन से जुड़े लोगों से मुलाकात की और उन्हें लोगों के बीच समाज सुधार अभियान चलाने को प्रेरित किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हुसैना खुर्द ग्राम पंचायत के पुस्तकालय का निरीक्षण किया और वहां पर पौधारोपण किया। हुसैना खुर्द ग्राम पंचायत में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का भी मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली गयी। मुख्यमंत्री ने ग्राम हुसैना के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये।

कटरमाला में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न इलाकों में कराये जा रहे कार्यों को देखने के लिए हमलोग यात्रा पर निकले हैं। सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों में अगर कोई कमी है तो लोग मुझे बता देते हैं। यात्रा के दौरान मेरे साथ अधिकारीगण भी होते हैं। अगर काम में कहीं कोई कमी सामने आती है तो अधिकारियों को बता दिया जाता है ताकि उसे वे भी देखकर नोट कर लें। इसी को लेकर हमलोग घूम रहे

हैं। बिहार में आज से जाति आधारित गणना शुरू होने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना का काम अच्छे से शुरू हो गया है। हमने जाकर खुद देखा है और गणनाकर्मियों को कहा है कि ठीक से सभी चीजों को नोट कीजिए। किसी व्यक्ति का अगर घर यहां है और वह राज्य के बाहर रहता है तो उसकी जानकारी भी लेकर नोट कीजिए। सभी पार्टियों की सहमति से जाति आधारित गणना का काम शुरू हुआ है। केंद्र सरकार से भी हमने कहा था कि जाति आधारित गणना कराइए लेकिन वे लोग तैयार नहीं हुए तो हमलोग अपने स्तर से इसे करवा रहे हैं। हमलोग जाति की गणना के साथ–साथ उनकी आर्थिक स्थिति का अध्ययन भी करवा रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि समाज में कितने लोग गरीब हैं और उनको कैसे आगे बढ़ाना है। इन सब चीजों की गणना की जा रही है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद हमलोग उसको पब्लिश करेंगे। रिपोर्ट सामने आने के बाद जो काम हमलोग से संभव होगा किया जायेगा। साथ ही केंद्र सरकार को भी हमलोग इसकी रिपोर्ट भेज देंगे ताकि वे लोग भी इसे देख सकें। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी पूरे देश को विकसित करने की है। अगर कोई राज्य पीछे है तो उसको आगे बढ़ाना भी केंद्र सरकार का काम है। उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव भी आज हमलोग के साथ यात्रा में हैं।

इस दौरान बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, लघु जल संसाधन मंत्री श्री जयंत राज, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा और विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण श्री देवेश सेहरा, सचिव, ग्रामीण विकास श्री बाला मुरुगन डी0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी, वैशाली श्री यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक वैशाली श्री मनीष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******